लीपापोती | सिस्टम पर खड़े हो रहे सवाल, चुप्पी पर आरोप

# ग्राम पंचायत चैरी बना सीईओ के गले की फांस




**ब्योहारी, नवभारत।** ग्राम पंचायत चैरी लम्बे अरसे से भ्रष्टाचार, अनियमितताओं व गंभीर आरोपों से घिरा हुआ है बावजूद इसके न तो जिला पंचायत के किसी बड़े अधिकारी और न ही जनपद पंचायत ब्योहारी सीईओ द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की गयी और न ही किसी जांच को अंजाम तक पंहुचाया गया।

बताया जाता है कि मामले को लेकर शिकायत हुई, फाइल दौड़ी, जांच के लिये टीम गठित हुई, एपीओ के. पी. सिंह और एसडीओ विजय सिंह ने संयुक्त रूप से जांच की, शिकायत सही पायी गयी लेकिन नतीजा शून्य रहा। अब तक न तो जांच प्रतिवेदन बना और न ही सरपंच सचिव के खिलाफ कोई कार्यवाही हुई जिसे लेकर सीईओ कल्पना यादव पर ग्रामीणों द्वारा संरक्षण देने का आरोप लगाया जा रहा है।

### स्टॉप डेम घोटाले की नहीं हुई जांच

ग्राम पंचायत चैरी में सरपंच और सचिव ने बरदहा नाला में वर्ष 2024-25 मे स्टॉप डैम का निर्माण कराया है जिसमे उपयंत्री से सांठ गांठ कर बड़े बड़े बोल्डर डाला गया है जिसका वीडियो ग्रामीणों ने सोसल मीडिया मे खूब वायरल किया पर जनपद मे बैठे आकाओ के कान मे जू तक नहीं रेगा। हैरानी की बात यह है कि शिकायत के बाद भी स्टॉप डैम की जांच नही की गयी बल्कि जनपद के जिम्मेदार अधिकारी सरपंच सचिव से सांठ गांठ कर मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया है जो ग्राम पंचायत मे जन चर्चा का विषय बना है।शिकायत पर सीईओ कल्पना यादव ने टीम गठित कर पंचायत की जांच कराई। शिकायत प्रमाणित पाया गया किन्तु एसडीओ विजय सिंह ने आज तक प्रतिवेदन नहीं दिया गया। विजय सिंह का कहना है कि सचिव द्वारा रिकार्ड नही दिया जा रहा। बिना रिकार्ड के प्रतिवेदन देना संभव नहीं है उक्त बात की जानकारी सीईओ मैडम को दी गयी है हकीकत क्या है ये वही जाने।

### ऑगन बाड़ी का पता नहीं, लाईट फिटिंग पर निकाली राशि

सबसे चैकाने वाली बात यह है कि अभी तक अमलिहा टोला मे ऑगन बाड़ी निर्माण का कार्य शुरु भी नहीं हुआ है और सरपंच सचिव ने लाईट फिटिंग के नाम फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण कर लिया गया है जिसका बिल पंचायत दर्पण के पोर्टल मे मौजूद है इसके बाद भी कार्यवाही न होना कंही न कंही मिलीभगत को प्रदर्शित करता है। ग्रामीणों ने समाचार के माध्यम से सीईओ कल्पना यादव से सवाल पूंछ रहे है कि अगर आरोप झूठे है तो जांच पूरी क्यों नहीं होती? और आरोप सही है तो कार्यवाही क्यों नही होती? ग्राम पंचायत के भ्रस्टाचार का मामला उच्च न्यायलय तक जा पंहुच चुका है। अब शिकायतकर्ता को सिस्टम से ज्यादा न्यायपालिका पर भरोसा है। उनका साफ कहना है कि अगर यंहा भी न्याय नहीं मिला तो यह सिर्फ भ्रस्टाचार नहीं पूरे सिस्टम की हार होगी।

### डर, दबाव या मिलीभगत

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जांच के बाद फाइल को क्यों दबाया गया।

कार्यवाही को लेकर सीईओ ने चुप्पी क्यों साध ली है। क्या अधिकारी दबाव मे है या फिर चुप्पी किसी समझौते का हिस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब रखवाले ही खामोश हो तो लूट का डर किसे होगा? अब सवाल घोटाले का नहीं जबाब देही का है। अब ग्रामीण यह नहीं पूंछ रहे है कि दोषी कौन है बल्कि यह कह रहे है कि कब तक दोषियों को बचाया जाता रहेगा? अब ग्रामीणों को किसी नई जांच का नहीं ईमानदार कार्यवाही और न्याय का इंतजार है।

**इनका कहना है**

मेरे द्वारा जांच किया गया है। सचिव द्वारा रिकार्ड नहीं दिया जा रहा है जिसकी जानकारी सीईओ मैडम को दी गयी है। बिना रिकार्ड जांच प्रतिवेदन दिया जाना संभव नहीं है।

**विजय सिंह, प्रभारी एसडीओ जनपद पंचायत ब्योहारी**





# इंदिरा से लल्लू सिंह चौक तक फुटपाथों पर अवैध कब्जा

**▶ पैदल चलना हुआ मुश्किल, मॉडल रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग**

**शहडोल।** शहडोल शहर के प्रमुख मार्ग इंदिरा चैक से लेकर लल्लू सिंह चैक तक फुटपाथों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जों ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलने के लिए बनाए गए फुटपाथ अब पूरी तरह दुकानों और वाहनों की चपेट में आ चुके हैं।शहर के इस व्यस्ततम इलाके में फुटपाथों पर खुलेआम दुकानें सजाई जा रही हैं। कहीं कपड़े टंगे हैं तो कहीं ठेले और काउंटर लगाकर पूरा रास्ता घेर लिया गया है। कई दुकानदारों ने तो अपने फायदे के लिए फुटपाथ को तोड़कर उसे सड़क के बराबर कर दिया है, जिससे न केवल नियमों की अनदेखी हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थिति यहीं तक सीमित नहीं है। ऑटोमोबाइल एजेंसियों द्वारा दोपहिया और चारपहिया वाहनों को फुटपाथ पर खड़ा कर दिया जाता है, जिससे पैदल यात्रियों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है। व्यस्त सड़क पर पैदल चलना बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए जान जोखिम में डालने जैसा साबित हो रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार इस समस्या को लेकर शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नगर प्रशासन की उदासीनता के चलते दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं और अवैध कब्जे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शहरवासियों ने मांग की है कि फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि पैदल चलने वालों को उनका अधिकार मिल सके और शहर की यातायात व्यवस्था भी सुचारू हो। यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

शहडोल वार्ड नम्बर 28 निवासी सुशील कुमार वर्मा ने इंदिरा चैक से लल्लू सिंह चैक मॉडल रोड में हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की। ज्ञात हो कि शहडोल के इंदिरा चैक से लेकर लल्लू सिंह चैक तक फुटपाथ से लेकर सड़क के किनारे दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा कर उपयोग किया जा रहा है। पूरा फुटपाथ दुकानदारों के कब्जे में है, जिसे मुक्त कराने के लिए जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई गई।

# प्रकाश पर्व पर शहडोल में निकली शोभायात्रा



**शहडोल।** सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर शहडोल नगर में सिख समुदाय द्वारा भव्य एवं अनुशासित शोभा यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे नगर को श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के रंग में रंग दिया।शोभा यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर के हृदय स्थल न्यू गांधी चैक पहुंची, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक मनीषा सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सिख समुदाय को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं और गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों को स्मरण किया। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियों के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन, त्याग, साहस और धर्म रक्षा के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। ढोल-नगाड़ों और कीर्तन की मधुर ध्वनि के बीच नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा में सिख समुदाय के पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने परम्परागत वेशभूषा में बड़ी संख्या में सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं ने अनुशासन और गरिमा के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया, जिसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का सुंदर संदेश देखने को मिला। नगरवासियों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया और प्रकाश पर्व की बधाइयाँ दीं। आयोजन शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। शोभायात्रा ने यह संदेश दिया कि गुरु गोविंद सिंह जी के विचार आज भी समाज को एकता, साहस और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

# नगरीय निकायों में आधे-अधूरे निमार्ण कार्यों को शीघ्र करें पूर्ण : कलेक्टर



**▶ नगरीय निकायों की जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न**

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में अटल मिशन फॉर रिज्यूविनेशन एवं अर्बन ट्रांसफार्मेशन अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय निकायो में आधे-अधूरे निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि समय पर कार्य पूरा नहीं करने वाली निर्माण एजेंसी के ठेकेदारो को नोटिस देकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में हुए अतिक्रमण को भी हटाने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बैठक में नगर परिषद खांड में मैरिज गार्डन बनाने, नगरी निकायो में पीने के पानी, राजस्व वसूली, नये घाटों का निर्माण कार्य की प्रगति, स्वच्छता, ईकेवाईसी कार्य की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष शहडोल घनश्याम जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका बुढार शालिनी सरावगी, अध्यक्ष नगर पालिका जयसिंहनगर सुशीला शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला सहित अन्य सीएमओ, इंजीनियर्स उपस्थित रहे।

## श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण-पत्र हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**शहडोल।** सहायक आयुक्त श्रम विभाग सूर्यकांत सिरवैया ने जानकारी दी है कि म.प्र. शासन के श्रम विभाग द्वारा श्री श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गए है । उन्होंने बताया कि जिले के कारखानों, समस्त दुकान स्थापना एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को श्रम अधिनियमों के पालन, श्रमिक सुरक्षा, श्रम कल्याण, साफ-सफाई आदि से संबंधित श्री श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र स्वैच्छिक रूप से प्राप्त किया जाना है। श्रम स्टार रेटिंग प्रमाणीकरण हेतु स्थापना का लाइसेंस नंबर डालते ही पंजीकृत मोबाईल नंबर स्वत: आ जायेगा। जिस पर ओटीपी भेज कर सत्यापित करने के उपरांत ही स्वमूल्यांकन हेतु विकल्प प्रदर्शित होंगे। श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण-पत्र हेतु लिंक पर जाकर स्वैच्छिक रूप से संलग्न प्रक्रिया का पालन कर प्राप्त करें। वर्तमान में संस्थान द्वारा जिन मानकों का पालन किया जा रहा है उन्हीं मानकों के आधार पर मूल्यांकन कर श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करें, भविष्य में शेष मानकों का पालन करने पर श्रम स्टार रेटिंग को संस्थान द्वारा अद्यतन किया जा सकेगा।

# मध्यप्रदेश क्रिकेट अंडर 16 की टीम में दिशा का चयन

**शहडोल।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड कि आगामी सत्र 2025-26 के लिए शहडोल की दिशा शर्मा का चयन मध्यप्रदेश की अंडर 16 बालिका क्रिकेट टीम में किया गया है। दिशा शर्मा ने पिछले साल भी अंडर 16 मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया था । दिशा शर्मा शहडोल क्रिकेट अकादमी की नियमित खिलाड़ी है और कई साल से क्रिकेट का अभ्यास यहां पर कर रही हैं। इनके चयन पर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील खरे, सचिव अजय द्विवेदी, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दीक्षित, शहडोल



क्रिकेट अकादमी के कोच सोनू रॉबिंसन आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# जबलपुर और छतरपुर के मध्य हुआ पहला मैच

**▶ पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में स्पर्धा शुरू**

**जयसिंहनगर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर जिला शहडोल मे किया जा रहा है ।

आज सुबह 9 बजे पहला क्वाटर फाइनल मैच जबलपुर संभाग और छतरपुर संभाग के मध्य खेला गया । जबलपुर संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी




करने का निर्णय लिया जिसमे जबलपुर संभाग ने 1 विकेट के नुकसान पर 244 रन बनाये । जबलपुर संभाग की ओर से भूमि सिंह और एलीनो लुईस ने 227 रनो की नाबाद पारी खेली जिसमे भूमि सिंह ने नाबाद 128 रन एवं एलीनो लुईस ने नाबाद 60 रनो की पारी खेली । लक्ष्य का पीछा करने उतरी छतरपुर संभाग की टीम 36 रनो के अल्प स्कोर मे ही सिमट गयी। जबलपुर संभाग की ओर ले आर्या चौधरी ने 4 विकेट मीना यादव ने 2 विकेट अलीशा विकटर ने 1 विकेट एवं 3 विकेट रन ऑउट हुये । इस प्रकार जबलपुर संभाग ने यह मैच 208 रनो से जी लिया ।कल सुबह 9 बजे पहला सेमीफाइनल मैच जबलपुर संभाग और रीवा संभाग व शहडोल संभाग के विजेता के मध्य खेला जायेगा ।

# ट्रक ने बाइक और कार को मारी टक्कर, एक की मौत

**▶ हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के तहत नैगवां ग्राम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर सोमवार शाम दो सड़क हादसों में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार सोनारी गांव निवासी मूरत महोबिया (38 वर्ष) अपने साथी रामदयाल के साथ बाइक में सवार होकर कटनी से अपने घर बिजौरी लौट रहा था। नैगवां के पास एक वाहन ने उन्हें टक्कर मारी दी। जिसके कारण मूरत महोबिया की मौके पर ही



मौत हो गई, जबकि रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है। वहीं कटनी से उमरिया जा रही एक स्कॉर्पियो कार सड़क किनारे खड़ी थी, जिसे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार निर्मला सिंह, धापल सिंह और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लगातार हुए इन दो हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया।



# सड़क निर्माण से मिलेगी कॉलोनीवासियों को राहत

**▶ महापौर ने निरीक्षण कर देखी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता**

**नवभारत, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा वंशस्वरूप वार्ड अंतर्गत द्वारका सिटी क्षेत्र में चल रहे रोड निर्माण और नाला कवरिंग कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोग में लाई जा रही सामग्री को देखा।

महापौर ने बताया कि द्वारका सिटी क्षेत्र की सड़क काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब सड़क निर्माण और नाला कवरिंग कार्य पूरा होने से क्षेत्रवासियों को परेशनी से राहत मिली है। महापौर ने रोड निर्माण और नाला कवरिंग कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य ही नगर विकास की पहचान है और इसी प्रकार की कार्यशैली आगे भी अपेक्षित है। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधा की दृष्टि से सड़क के किनारे पेवर ब्लॉक लगाए जाने के निर्देश संबंधित उपयंत्री को दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सभी विकास कार्य पारदर्शी और नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य और पार्षदों की मौजूदगी रही।

आक्रोश | महापौर ने पार्षदों और अधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन, सख्त कार्रवाई की मांग

# अभद्रता और अश्लील टिप्पणी से भड़का आक्रोश

**नवभारत, कटनी।** नोपार्किंग में खड़े वाहनों कार्रवाई के दौरान एक कार चालक द्वारा नगर निगम की टीम से की गई अभद्रता और नगर निगम आयुक्त के प्रति की गई बेहद अपमानजनक अश्लील टिप्पणी के खिलाफ नगर निगम जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी-कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार महापौर, पार्षद, नगर निगम के अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं कोतवाली थाना प्रभारी को भी ज्ञापन सौंपा कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की गई है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम दद्दाधाम निवासी श्याम सुन्दर पांडेय को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम और पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नो-पार्किंग और अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को हटाने के लिए कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है। 27 दिसंबर 2025 को श्याम सुन्दर पांडेय द्वारा बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित किया गया। जब अतिक्रमण और यातायात पुलिस के कर्मचारियों ने वाहन हटाने का अनुरोध किया तो संबंधित व्यक्ति द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अनुचित शब्दों का प्रयोग किया गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। महापौर ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न सिर्फ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करती हैं, बल्कि कर्मचारियों का मनोबल भी गिराती हैं। लिहाजा इस मामले की की गंभीरता को देखते हुए श्याम सुन्दर पांडेय के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी की जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

इससे पहले नगर निगम के नगर निगम के कर्मचारियों ने कर्मचारियों ने एकजुट होकर कोतवाली थाना पहुंचकर थाना प्रभारी राखी पांडेय को इस मामले में कार्रवाई करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। गिरफ्तारी नहीं होने पर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उग्र आंदोलन करेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि यह हमला सिर्फ व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की मर्यादा पर है। नगर निगम के कर्मचारियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सरकारी ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों को इसी तरह से डराया-धमकाया जाएगा, तो फील्ड पर काम करना असंभव हो जाएगा। पुलिस ने इस मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रकरण की विवेचना की जा रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने गिरफ्तारी की मांग की है।

